दिनांक– 20.02.2013 को प्रधान सचिव की अध्यक्षता में सम्पन्न मुख्य अभियंता, हजारीबाग प्रक्षेत्राधीन योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।

बैठक में उपस्थित पदाधिकरियों की उपस्थिति परिशिष्ट–I में संलग्न है।

1. जलपथ प्रमण्डल, बरही

I. पंचखेरो जलाशय योजना

(जिला–कोडरमा, प्रखण्ड –मरकच्चो)
(जिला–गिरिडीह, प्रखण्ड –राजधनवार)

- प्रशासनिक स्वीकृति की राशि – रू0 7568.87 लाख (दि0– 07.08.2007)
- मार्च 2012 तक व्यय – रू0 5931.94 लाख
- वर्ष 2012–13 में उपलब्ध आवंटन – रू0 578.47 लाख
- जनवरी 2013 तक व्यय – रू0 332.47 लाख
- स्पिलवे निर्मित, रिमर क्लोजर छोड़कर बाँध निर्मित।
- योजना का रूपांकित सिंचाई क्षमता : खरीफ 2548 हे०, रब्बी 537 हे०

मुख्य अभियंता, हजारीबाग द्वारा बताया गया कि

- River Closure का लगभग 70% कार्य हुआ है। Dam fill अभी 348 मी0 Level तक हुआ है। बाँध का Top Level 356 मी0 है। मार्च 2013 तक Dam Top Level तक मिट्टी कार्य पूर्ण हो जायेगा। Rock toe एवं Rip-rap का कार्य प्रगति पर है।
- स्पिल चैनेल का कार्य पूरा करने हेतु पुनर्निविदा की गयी है। बरसात के पूर्व कराने का लक्ष्य है।
- दोनों Ramp का कार्य मार्च 2013 तक पूर्ण कर लिया जायेगा।
- बाँध निर्माण स्थल पर ग्रामिणों द्वारा धरना– प्रदर्शन किया जा रहा है और कार्य रोका जा रहा है। उनके द्वारा विस्थापितों की सूची में और लोगों का नाम जोड़ने तथा गैर मजरूआ जमीन के रैयतीकरण की माँग की जा रही। उनके द्वारा दावा किया जा रहा है कि गैर मजरूआ जमीन की बन्दोबस्ती उन्हें प्राप्त है और उन्हें भू–मुआवजा मिलना चाहिए। विशेष भू–अर्जन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि भूमि का विस्तृत प्रतिवेदन उपायुक्त कोडरमा एवं गिरिडीह को समर्पित कर दिया गया है। सम्बन्धित अंचलाधिकारी द्वारा जाँचोपरान्त उपायुक्त को प्रतिवेदित किया

निदेश :–

(i) River closure का कार्य मार्च 2013 तक हर हालत में पूरा कराया जाय। मुख्य अभियंता, हजारीबाग द्वारा हर सात दिन के लक्ष्य की समीक्षा की जाय।

(कार्रवाई :– मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग, हजारीबाग)

(ii) Spill Channel, मुख्य नहरों का कार्य साथ–साथ जून 2013 तक हर प्रकार से पूर्ण कराया जाय।

(iii) गैर मजरूआ जमीन के रैयतीकरण मामले का शीघ्र निष्पादन करने हेतु उपायुक्त, कोडरमा एवं उपायुक्त गिरिडीह को विभागीय स्तर से पत्र लिखा जाय।

(कार्रवाई :– मुख्य अभियंता (मो०)

जायेगा कि कौन सा गैरमजरूआ रकबा बन्दोबस्त किया गया है और कौन सा नही। बन्दोबस्त जमीन का रैयतीकरण होने के पश्चात् उसका भू–अर्जन किया जायेगा और भू–मुआवजा भुगतान किया जायेगा।

- **बाँयीं मुख्य नहर** की लम्बाई : 7.35 कि0मी0। लगभग 85% कार्य हुआ है। बाँयीं मुख्य नहर के Initial reach में Aqueduct का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। मार्च 2013 तक 2.75 कि0मी0 की लम्बाई में कार्य हर प्रकार से पूर्ण हो जायेगा।
- **दाँयी मुख्य नहर** की लम्बाई : 3.25 कि0मी0। लगभग 87% कार्य हुआ है। मार्च 2013 तक 2.50 कि0मी0 की लम्बाई में कार्य हर प्रकार से पूर्ण हो जायेगा।
- अगले खरीफ में दाँयीं मुख्य नहर से 500 से 700 हेक्टेयर सिंचाई प्रदान की जा सकेगी तथा योजना से कुल मिलाकर 25 से 30 प्रतिशत कमाण्ड क्षेत्र में सिंचाई प्रदान की जा सकेगी।
- वित्तीय वर्ष 2012–13 में रू0 630.00 लाख का कुल व्यय हो जायेगा।
- **वितरणी प्रणाली** – बाँयी एवं दाँयी मुख्य नहर से निःसृत क्रमशः 5 एवं 2 वितरणियों का कार्य अभी प्रारम्भ नहीं हुआ है। इनकी कुल लम्बाई लगभग 18 कि0मी0 है।

विशेष भू–अर्जन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि

- वितरणियों का भू–अर्जन प्रक्रियाधीन है। 4 गाँव का भू–अर्जन सेक्सन–11 में है। उपायुक्त, गिरिडीह की स्वीकृति हेतु इसका प्राक्कलन समर्पित किया गया है। 2 गाँव बोगरो एवं नवाडीह का खतियान नहीं मिला है, जिसे गुलजारबाग, बिहार से मंगवाया जा रहा है।
- पाँच ग्राम–बेको, तेलियामारन, अखाटाँड़, पाण्डेडीह एवं अम्बाडीह धारा–9 में जिला गजट गिरिडीह में अधिघोषणा प्रकाशन हेतु समर्पित ।
- ललकापानी, गोदरडीह, मरकच्चो एवं मुरैना धारा–4 में अधिसूचना प्रकाशन में।

(iv) अगले मॉनसून के पूर्व दोनों मुख्य नहरों का कार्य पूर्ण कराकर खरीफ में योजना से सिंचाई प्रारंभ की जाय।

(v) वितरण प्रणाली के कार्यों की निविदा की कार्रवाई की जाय और जून 2013 तक Distribution System का कार्य पूरा कराया जाय।

(vi) योजना से अगले खरीफ में 50% सिंचाई देने का लक्ष्य रखा जाय।

(कार्रवाई :– मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग, हजारीबाग)

(vii) योजना के सभी वितरणी/उपवितरणी का भू–अर्जन मासिक Work Plan के अनुसार पूरा करायेंगे तथा सभी भू–मुआवजा भुगतान ECS के माध्यम से मार्च 2013 तक करना सुनिश्चित करेगें।

(कार्रवाई :– विशेष भू–अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग)

(viii) गुलजारबाग से ग्रामीण नक्शा एवं खतियान प्राप्त करने हेतु किसी कनीय अभियंता को प्रतिनियुक्त किया जाय जो विशेष भू–अर्जन पदाधिकारी के एक स्टाफ के साथ गुलजारबाग जा कर दोनों गाँवों का नक्शा एवं खतियान प्राप्त करें।

(कार्रवाई :– मुख्य अभियंता, ज0सं0वि0, हजारीबाग/विशेष भू–अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग)

(III) गरही जलाशय योजना (जिला–चतरा, प्रखण्ड– टण्डवा)

- प्रशासनिक स्वीकृति की राशि – रू0 1213.625 लाख
- मार्च 2012 तक व्यय – रू0 6736.27 लाख
- वर्ष 2012–13 में उपलब्ध आवंटन – शून्य

➢ इस योजना का निर्माण केवल एन0टी0पी0सी0 द्वारा निर्माणाधीन नार्थ कर्णपूरा पावर प्लान्ट को जलापूर्त्ति के लिये कराया जाना है। योजना से सिंचाई अथवा पेयजल का प्रावधान नहीं है। ➢ इस योजना को एन0टी0पी0सी0 द्वारा own कर लेने का अनुरोध ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार से किया गया है। ➢ योजना में भू–अर्जनवाद के कई मामले हैं। ➢ दिनांक–04.12.2012 को प्रधान सचिव की अध्यक्षता में एन0टी0पी0सी0 के क्षेत्रीय (हजारीबाग) पदाधिकारियों एवं विभागीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की गयी तथा पुनः अनुरोध किया गया कि गरही जलाशय योजना को एन0टी0पी0सी0 own कर ले और इस योजना का निर्माण अपने स्तर से करावें साथ ही अब तक हुए व्यय की प्रतिपूर्त्ति विभाग को कर दे। विभाग द्वारा इस योजना हेतु राशि नहीं उपलब्ध करायी जायेगी।

(IV) <u>तिलैया नहर सिंचाई योजना</u> हेतु E.o.I. प्राप्त हो गया है। विभागीय निविदा समिति द्वारा निस्तार की प्रक्रिया में।

(V) <u>पूर्ण सिंचाई योजना</u>

(i) बरही जलाशय योजना – पुनर्स्थापन कार्य का प्राक्कलन तैयार किया जा रहा है।

2. <u>जलपथ प्रमण्डल, हजारीबाग</u>

(I) भैरवा जलाशय योजना (टर्न–की) (जिला–रामगढ़, प्रखण्ड–गोला)

- संवेदक – विजेता प्रोजेक्ट एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, मोराबादी, राँची।
- प्रशासनिक स्वीकृति की राशि – रू0 6727.20 लाख (दि0– 07.08.2007)
- मार्च 2012 तक व्यय – रू0 8692.31 लाख
- वर्ष 2012–13 में उपलब्ध आवंटन – रू0 8.789 लाख (कोर्ट केश)
- जनवरी 2013 तक व्यय – रू0 8.789 लाख

कार्य की स्थिति – ➢ योजना की सम्पूर्ण कार्य दर्ज की पर आवंटित है। ➢ River Closure छोड़कर डैम का कार्य पूर्ण है। डैम आउटलेट एवं स्पिलवे निर्मित है। ➢ बाँयीं मुख्य नहर की लम्बाई 15.64 कि0मी0 है तथा दाँयीं मुख्य नहर की लम्बाई 16.89 कि0मी0 है। इनका भू–अर्जन हो गया है। मुख्य नहरों का लगभग 60% का कार्य हुआ है। ➢ पुनरीक्षित प्रशासनिक स्वीकृति प्रक्रियाधीन। कार्य पिछले चार वर्षों से बन्द है। ➢ वितरण प्रणाली का L.R स्वीकृत नहीं हुआ है।	

(II) सिवाने जलाशय योजना का डी0पी0आर0 तैयार करने का कार्य

(जिला–हजारीबाग, प्रखण्ड – ~~कड़कसांडी~~ बड़कागाँव खंड)

- संवेदक – Aarvee Associates, Architects Engineers & Pvt Ltd, Hyderabad
- एकरारित राशि – रू0 89.00 लाख
- कार्य पूर्ण करने की एकरारित तिथि – 29.12.2012
- वर्ष 2012–13 में उपलब्ध आंवटन रू0 –25.00 लाख
- जनवरी 2013 तक व्यय – 25.00 लाख

➢ कार्य की प्रगति – सर्वेक्षण कार्य प्रगति पर। ग्रामिणों द्वारा कार्य अवरूद्ध किया जा रहा है। Dam Axis निर्धारित कर लिया गया है, परन्तु Foundation की जाँच हेतु Drilling का कार्य नहीं करने दिया जा रहा है।	निदेश – यह कार्य क्षेत्रीय विधायक की अनुशंसा पर प्रारंभ कराया गया है। ग्रामिणों द्वारा किये जा रहे विरोध से उन्हें अवगत कराया जाय और कार्य बिना बाधा के पूर्ण कराने हेतु उनसे सहयोग प्राप्त किया जाय तथा कार्य शीघ्र पूरा कराकर विभाग को सूचित किया जाय। (कार्रवाई :– मुख्य अभियंता, ज0सं0वि0, हजारीबाग)

(III) दिपुगढ़ा कॉलोनी, हजारीबाग में डीप बोरिंग एवं भवनों के मरम्मति का कार्य –

राशि आवंटन की प्रक्रिया में है।	निर्देश – मार्च 2013 तक कार्यक्रम के अनुसार निर्धारित कार्य पूरे कराये जायें। (कार्रवाई :– मुख्य अभियंता, जo संoविo, हजारीबाग)

(IV) पूर्ण सिंचाई योजनाएँ

(i) <u>गोलाई वीयर</u> के System में सुधरी डैम, वीयर के U/S में बना हुआ है, जिससे नाला होकर वीयर को पानी Feed किया जाता है। आवश्यक मरम्मति कार्य का प्राक्कलन तैयार किया जा रहा है। (ii) <u>लोटिया जलाशय योजना</u> के मुख्य नहर में 11 चेन के बाद पानी नहीं जाता है। यहाँ पर Aqueduct क्षतिग्रस्त है। पूरी योजना के पुनर्स्थापन कार्य का प्राक्कलन तैयार किया जा रहा है। (iii) <u>बौधा जलाशय योजना, बक्सा जलाशय योजना एवं अंजनवा जलाशय योजना</u> सर्वे कराकर प्राक्कलन तैयार किया जा रहा है। (iv) लपसिया सिंचाई योजना एवं उसरी जलाशय योजना – इन योजनाओं से सिंचाई उपलब्धि काफी कम है। इनके पुनर्स्थापन कार्य हेतु प्राक्कलन तैयार कराया जा रहा है।	निर्देश :– (i) जिन योजनाओं का पुनर्स्थापन कार्य पिछले पाँच वर्षों में नहीं कराया गया है, उन योजनाओं के पुनर्स्थापन का प्राक्कलन विभाग को शीघ्र समर्पित किया जाय एवं योजनाओं से पूरी क्षमता में सिंचाई उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाय। वैसी योजनाएँ जिसमें सिंचाई उपलब्धि 50% से कम है, उसे प्रथम प्राथमिकता देते हुए आवश्यक कार्य कराने हेतु अविलम्ब कार्रवाई की जाय। (ii) जिन योजनाओं के सर्वेक्षण कार्य हेतु राशि की आवश्यकता है, उसके प्राक्कलन की तकनीकी स्वीकृति के साथ राशि की अधियाचना अविलम्ब भेजी जाय। (iii) खरीफ का अंतिम सिंचाई एवं सूदकार प्रतिवेदन अविलम्ब उपलब्ध करायी जाय।

(V) मुख्य अभियंता, हजारीबाग कार्यालय एवं आवासीय भवन का निर्माण कार्य।

➢ प्रशासनिक स्वीकृति की कार्रवाई प्रक्रियाधीन	निर्देश – प्रशासनिक स्वीकृति के पश्चात् शीघ्र निविदा निकाली जाय। (कार्रवाई :–मुख्य अभियंता, हजारीबाग / मुख्य अभियंता (मो0)

कोनार सिंचाई परियोजना (जिला–हजारीबाग, प्रखण्ड– विष्णुगढ़)

- प्रशासनिक स्वीकृति की राशि – रू0 34838.60 लाख
- मार्च 2012 तक व्यय – रू0 19128.14 लाख
- वर्ष 2012–13 में उपलब्ध आंवटन – रू0 847.43 लाख
- जनवरी 2013 तक व्यय – रू0 458.29 लाख
- योजना की सिंचाई क्षमता:–खरीफ 5434.50 हे0, रब्बी–8520 हे0

वनभूमि अपयोजन – योजना में शामिल वन भूमि के अपयोजन का प्रस्ताव संबंधित वन प्रमण्डल हजारीबाग एवं गिरिडीह को समर्पित कर दिया गया है।

शीर्ष कार्य – कोनार जलाशय डी0वी0सी0 द्वारा निर्मित है। कोनार सिंचाई योजना के लिये कोनार जलाशय से लिये जाने वाले पानी के एवज में तेनुघाट जलाशय से डी0वी0सी0 को पानी दिया जाना है।

- **मुख्य नहर** की लम्बाई – 9.28 कि0मी0 (टनेल सहित)। टनेल के 1 कि0मी0 का कार्य शेष। अवशेष टनेल कार्य, कट एण्ड कवर, इनटेक स्ट्रक्चर, एप्रोच चैनल इत्यादि के कार्य हेतु अप्रील 2012 में निविदा प्राप्त की गयी है, जिसका न्यूनतम दर B.O.Q से 42.83% अधिक है, सरकार के स्तर पर निविदा निस्तार की प्रक्रिया में।
- **बाँयीं शाखा नहर** इसकी लम्बाई – 0.025 कि0मी0 है जिसका कार्य पूर्ण है। इस शाखा नहर से वितरणी नहीं निःसृत है।
- **दाँयीं शाखा नहर** की लम्बाई – 35.525 कि0मी0 है, जिसमें लगभग 60% कार्य हुआ है। 19.25 कि0मी0 तक कार्य लगभग पूर्ण है 19.25 से 21 कि0मी0 के बीच कार्य प्रगति पर है। 21 कि0मी0 तक का कार्य मार्च 2013 तक पूरा हो जायेगा। ग्राम खरकट्टो में भू–अर्जन का भुगतान चल रहा है।
- **बगोदर शाखा नहर** की लम्बाई 41.16 कि0मी0 है जिसके 37.96 कि0मी0 तक कार्य लगभग पूर्ण है। इसमें अवशेष मिट्टी का कार्य एवं संरचनाओं का कार्य प्रगति में है। 37.96 से 41.16 कि0मी0 तक का कार्य वनभूमि को छोड़कर मार्च 2013 में पूरा करा लिया जायेगा।

  इस शाखा नहर के कि0मी0 20.81 पर रेलवे पुल का निर्माण किया जाना है। जिसके लिये रेलवे से सम्पर्क किया जा रहा है।

निदेश :–

(i) बगोदर शाखा नहर के कि0मी 20.81 पर रेलवे पुल निर्माण हे संबंधित रेलवे पदाधिकारियों सम्पर्क कर इसके Design, Drawi एवं निर्माण हेतु आवश्यक कार्रव तुरंत की जाय। रेलवे को आवश्य सभी Design Data उपलब्ध करा जाय। पुल निर्माण कार्य प्राक्कलन के अनुसार रेलवे को रा उपलब्ध कराने की कार्रवाई जाय। रेलवे पुल के निर्माण क प्रारंभ कराने के पूर्व इसके अ किसी निर्माण कार्य की निविदा न निकाली जाय।

वितरण प्रणाली : योजना में कुल 26 वितरणी एवं 12 उप वितरणी (Minors) है।

- बगरो वितरणी की लम्बाई 18.30 कि0मी0 है जिसमें 13.50 कि0मी0 तक कार्य पूर्ण है। इसके आगे पूरी लम्बाई में मिट्टी कार्य प्रगति में है। संरचनाओं सहित 17.50 कि0मी0 तक का कार्य मार्च 2013 तक पूरा करा लिया जायेगा।
- दाँयीं शाखा नहर से निःसृत खेतको वितरणी (10.90 कि0मी0) का कार्य लगभग पूर्ण है। कुछ शेष संरचनाओं का निर्माण कार्य प्रगति में है।
- बाराघाट वितरणी (3.50 कि0मी0) में 60% कार्य हुआ। शेष कार्य भू–अर्जन पूर्ण नहीं होने के कारण बाधित है। मुंडरो एवं बराई ग्राम के भू–स्वामियों द्वारा भू–मुआवजा नहीं लिया जा रहा है। भू–अर्जन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि पैसा BD में जमा कर दिया गया है।
- बगोदर शाखा नहर से निःसृत बनपुरा वितरणी (लम्बाई 5.70 कि0मी0) का कार्य लगभग पूर्ण है शेष बचे संरचनाओं का निर्माण कार्य प्रगति में है जो मार्च 2013 में पूरा हो जायेगा।

चार वितरणियों का सर्वेक्षण कार्य कराया जा रहा है।

निदेश :–

(i) परियोजना में सर्वप्रथम मुख्य नहर का एवं दोनों शाखा नहरों का कार्य पूर्ण कराने की प्राथमिकता दी जाय। वितरणियों एवं उपवितरणियों में एकरारित कार्य के अतिरिक्त नया कार्य नहीं करायी जाय।

(ii) परियोजना के वैसे वितरणी/उपवितरणी जिसका सर्वेक्षण अभी तक नहीं हुआ है, का सर्वेक्षण कराकर I.R. तैयार कराया जाय और तदनुसार भू–अर्जन हेतु आगे की कार्रवाई की जाय।

(कार्रवाई : अधीक्षण अभियंता, तेनुघाट बाँध अंचल, तेनुघाट)

3. कोनार नहर प्रमण्डल, डुमरी (कोनार सिंचाई परियोजना)

वर्ष 2012–13 में उपलब्ध आवंटन– रू0 561.65 लाख
जनवरी 2013 तक व्यय– रू0 350.97 लाख

4. कोनार नहर प्रमण्डल, बगोदर (कोनार सिंचाई परियोजना)

वर्ष 2012–13 में उपलब्ध आवंटन– रू0 221.33 लाख
जनवरी 2013 तक व्यय– रू0 44.73 लाख

5. कोनार नहर प्रमण्डल, बनासो (कोनार सिंचाई परियोजना)

वर्ष 2012–13 में उपलब्ध आवंटन – रू0 64.50 लाख
नवम्बर 2012 तक व्यय– रू0 62.59 लाख

6. तेनुघाट बाँध प्रमण्डल, तेनुघाट

(a) **तेनघाट शिविर** के सड़क मरम्मति एवं P.C.C. सड़क **निर्माण** –कार्य प्रगति पर है। प्रशासनिक स्वीकृति रू0– 186.69 लाख (17.03.2012) वर्ष 2012–13 में आवंटन रू0–100.00 लाख जनवरी 2013 तक व्यय – शून्य (b) **तेनु बोकारो** लिंक नहर के सेवापथ का मरम्मति एवं **निर्माण कार्य** प्रशासनिक स्वीकृति रू0– 13.85 लाख वर्ष 2012–13 में आवंटन रू0–13.85 लाख जनवरी 2013 तक व्यय – शून्य। कार्य पूरा हो गया है। (c) **गोवई बराज के पुनर्स्थापन** कार्य हेतु प्राक्कलन तैयार हो गया है जिसकी जाँचोपरान्त तकनीकी स्वीकृति प्रक्रियाधीन है। (d) **तेनुघाट आउटलेट** के Emergency गेट के repair हेतु पुनः E.o.I. आमंत्रित की गयी है, जो दिनांक– 04.12.2012 को Open की गयी है। Technical Bid का evalution प्रक्रियाधीन। निविदाकारों द्वारा दिये गये अभिलेखों की जाँच करायी जा रही है। (e) तेनुघाट निरीक्षण भवन में Water Supply दुरूस्त करने हेतु निविदा निकाली गयी है। शीघ्र कार्य करा लिया जायेगा। (f) **तेनुघाट डैम एवं स्पिलवे** में आवश्यक मरम्मति कार्य का प्राक्कलन तैयार किया जा रहा है। इसे अगले वर्ष के कार्यक्रम में शामिल किया जाय।	निदेश :– (i) Quality Control सुनिश्चित किया जाय। (ii) गोवई बराज योजना के पुनर्स्थापन कार्य हेतु ERM के अन्तर्गत प्रशासनिक स्वीकृति की कार्रवाई शीघ्र की जाय। **कार्रवाई** :– मुख्य अभियंता, ज0 सं0 वि0, हजारीबाग/मुख्य अभियंता (मो0) (ii) तेनुघाट निरीक्षण भवन में Water Supply का कार्य मार्च 2013 तक पूरा कराया जाय तथा I.B. को हर प्रकार से दुरूस्त कराया जाय। **कार्रवाई** :– मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग, हजारीबाग
अन्य निदेश	प्रधान सचिव द्वारा निदेश दिया गया कि वित्तीय वर्ष 2013–14 के कार्यक्रम का एक Presentation 5 मार्च को दिया जाय।

बैठक में दिये गये निदेश का अनुपालन प्रतिवेदन पन्द्रह दिनों के अन्दर विभाग को उपलब्ध कराया जाय।

(बी0सी0 निगम)
विशेष सचिव

ज्ञापांक : 2/PMC/hbg-baithak-93/2012- राँची, दिनांक :

प्रतिलिपि : मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग, हजारीबाग/मुख्य अभियंता यांत्रिक, जल संसाधन विभाग, राँची/संयुक्त सचिव (अभि॰)जल संसाधन विभाग, राँची/अधीक्षण अभियंता, जलपथ अंचल, हजारीबाग/अधीक्षण अभियंता, तेनुघाट बाँध अंचल, तेनुघाट/अधीक्षण अभियंता, योजना एंव मोनिटरिंग अंचल–1, 2 एवं 3 जल संसाधन विभाग राँची/विशेष भू–अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग को सूचनार्थ एवं अग्रेत्तर कार्रवाई हेतु प्रेषित। (email से)

ह०/-
(अशोक कुमार)
मुख्य अभियंता (मो0)

ज्ञापांक :– 2/PMC/baithak-93/2010- राँची, दिनांक :–

प्रतिलिपि :माननीय राज्यपाल के सलाहकार (जल संसाधन विभाग)के विशेष कार्य पदाधिकारी/प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग के सचिव/विशेष सचिव, जल संसाधन विभाग के निजी सहायक/अभियंता प्रमुख–I , जल संसाधन विभाग, राँची के निजी सहायक को सूचनार्थ एवं अग्रेत्तर कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/-
(अशोक कुमार)
मुख्य अभियंता (मो0)

ज्ञापांक :– 2/PMC/baithak-93/2010- 189 राँची, दिनांक :– 11.3.2013

प्रतिलिपि :वेब मैनेजर, वेबसाइट जल संसाधन विभाग, राँची को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाइट पर Up load करने हेतु प्रेषित।

ह०/-
11.3.2013
(अशोक कुमार)
मुख्य अभियंता (मो0)